# चीनी उत्पादन 5.64% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2021-22 की अक्तूबर-जनवरी में सालाना आधार पर 5.64% बढ़कर 1.87 करोड़ टन होने का अनुमान है। उद्योग निकाय इस्मा ने बृहस्पतिवार को बताया, चीनी मिलों ने पिछले विपणन वर्ष की समान अवधि में 1.77 करोड़ टन चीनी का उत्पादन किया था। एजेंसी